लघु तथा सहायक उद्योगों की स्थापना और उनको बढ़ावा देने सम्बन्धी योजना

1202. **श्री नटवर लाल बी० परमार :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बड़े उद्योग समूहों द्वारा लघु उद्योगों और सहायक उद्योगों की स्थापना और उनके विकास को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना बनाई गई है ।

(ख) अब तक किन किन बडे उद्योगों ने सहायक उद्योगों की स्थापना और विकास के कार्य मे सहयोग दिया है; और

(ग) सहायक और लघु उद्योगो की स्थापना के लिए इच्छुक व्यक्तियों द्वारा बड़े उद्योगों से सहायता आदि प्राप्त करने की प्रक्रिया क्या है ।

उद्योग मंत्री (श्री जार्ज फर्नान्डिस) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठते ।

भागलपुर, बिहार के कहलगांव में तापीय बिजली घर

1203. **श्री रामजी सिंह : ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कहलगांव (जिला भागलपुर, बिहार) के आस-पास तापीय बिजलीघर कब तक चालू हो जायेगा ;

(ख) उस पर कितनी लागत आयेगी, उसमे कितने मजदूरो को काम मिलेगा, उसकी बिजली उत्पादन क्षमता क्या होगी, उस पर कार्य कब शुरू होगा और कब तक पूरा होगा, और

(ग) क्या सरकार बिहार मे ऊर्जा संकट से परिचित हैं और यदि हां, तो क्या कहलगांव में तापीय बिजलीघर बनाने के काम को प्राथमिकता दी जायगी ?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन्) : (क) से (ग). बिहार में यद्यपि पीकिंग क्षमता की कमी है, किन्तु ऊर्जा की कमी वहां नही है । ताप विद्युत् केन्द्रों का कार्य निष्पादन घटिया होने के कारण विद्युत् सप्लाई अस्त-व्यस्त होती है । प्रतिष्ठापित क्षमता वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है तथा अभी तक स्वीकृत परियोजनाएं 1982–83 तक की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है ।

कहलगांव में ताप विद्युत् केन्द्र के लिए परियोजना रिपोर्ट केन्द्रीय विद्युत् प्राधिकरण में 13–9–1977 को प्राप्त हुई है तथा इस की जांच की जा रही है । बिहार से प्राप्त हुई अन्य स्कीमों के साथ-साथ इस प्रस्ताव पर भी विचार किया जाएगा ।

जयपुर में विद्युतीकरण के लिए ट्रांसफार्मर का लगाया जाना

1204. **श्री मीठा लाल पटेल : क्या ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत जयपुर जिले में बांदी कुई, सिकराय, चौसा आदि के विद्युतीकरण के लिए बडियाल गांव में दो ट्रांसफार्मरों की स्वीकृति दी गई थी; और

(ख) उपरोक्त ट्रांसफार्मरों की अलग-अलग क्षमता कितनी है और क्या दोनों ट्रांसफार्मर इस बीच स्थापित किए जा चुके हैं; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन्) : राजस्थान के जयपुर जिले की बसवा, सिकराय और दौसा तहसीलों के लिए, 1973–74 में निगम द्वारा स्वीकृत की गई ग्राम विद्युतीकरण स्कीम के अन्तर्गत बसवा